(Pages : 3) **N – 2292**

ALL SAINTS COLLEGE LIBRARY TRIVANDRUM

Reg. No. : .....

Name : .....

Third Semester B.A./B.Sc. Degree Examination, March 2022

First Degree Programme Under CBCSS

Language Course – Additional Language III – Hindi

HN 1311.1 – POETRY AND GRAMMAR

(2017 – 2018 Admission)

Time : 3 Hours Max. Marks : 80

I. एक या दो वाक्यों में उत्तर लिखिए।

1. तुलसीदास किस धन को सर्वश्रेष्ठ बतलाते हैं?
2. 'एक बूँद सहसा उछली' किसका यात्रा विवरण है?
3. सूरदास की प्रमुख रचनाओं के नाम लिखिए।
4. सुमित्रानंदन पंत को कौन-कौन से पुरस्कार प्राप्त हुए?
5. आज फूल को देखकर भ्रमर क्यों नहीं आता है?
6. अज्ञेय द्वारा रचित उपन्यासों के नाम लिखिए।
7. आसन्न भूतकाल का एक उदाहरण लिखिए।
8. भाववाचक संज्ञा क्या है?
9. उदयप्रकाश के कविता संग्रहों के नाम लिखिए।
10. 'बीजाक्षर' किसका कविता संग्रह है?

(10 × 1 = 10 Marks)

P.T.O.

II. किन्हीं **आठ** प्रश्नों के उत्तर **दो** या **तीन** वाक्यों में लिखिये।

11. कस्तूरी मृग के माध्यम से कबीर क्या बतलाना चाहते हैं?

12. 'मुखिया मुख सो चाहिए' तुलसीदास जी ऐसे क्यों कहते हैं?

13. 'सुख-दुख' कविता में कवि ने सुख और दुख की तुलना किन-किन से की है?

14. 'उड़ चल हारिल' कविता में हारिल किसका प्रतीक है और क्यों?

15. परिमाण वाचक विशेषण क्या है?

16. निम्नलिखित शब्दों को भाववाचक संज्ञा में परिवर्तित कीजिए।
    (क) वीर
    (ख) हँसना
    (ग) मित्र
    (घ) खट्टा

17. लिंग बदलकर लिखिए।
    (क) भाई
    (ख) चौधरी
    (ग) नौकर
    (घ) ऊँट

18. कर्मकारक क्या है?

19. जातिवाचक संज्ञा क्या है?

20. कर्म के कारण क्रिया भेदों को बतलाइए।

21. 'राम' नाम रूपी मणि की क्या विशेषता है?

22. गौतम यशोधरा को छोड़कर क्यों चले गये थे?

(8 × 2 = 16 Marks)

III. किन्हीं **छह** प्रश्नों के उत्तर लगभग **120** शब्दों में लिखिए।

23. दूध पीने को लेकर कृष्ण यशोदा से क्या शिकायत करते हैं?

24. 'सखी वे मुझसे कहकर जाते' कविता में स्त्री जीवन की विडम्बना किस प्रकार चित्रित की गई है?

25. 'सुख-दुख' कविता में कवि किस जीवन दर्शन को प्रस्तुत करते हैं?

26. 'भिक्षुक' कविता में कवि ने भिखारी का वर्णन किस प्रकार किया है?

27. 'तिनका तेरे हाथों में है, अमर एक रचना का साधन' इस पंक्ति की सप्रसंग व्याख्या कीजिए।

28. 'मुरझाया फूल' कविता में कवयित्री ने फूल की शैशववास्था का वर्णन किस प्रकार किया है?

29. 'उजाला' कविता में कवि किस प्रकार भविष्य के प्रति आस्थावान हैं?

30. 'मछली' कविता में मछली अर्थात् सर्वहारा वर्ग की वेदना को स्पष्ट कीजिए।

31. सर्वनाम क्या है उसके भेदों को स्पष्ट कीजिए।

(6 × 4 = 24 Marks)

IV. किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर लगभग **250** शब्दों में लिखिए।

32. 'भिक्षुक' कविता की समीक्षा कीजिए।

33. 'बैरागी आय गाँव में' कविता में अभिव्यक्त व्यंग्य को स्पष्ट कीजिए।

34. 'स्त्रियाँ' कविता में कवयित्री ने स्त्री जीवन के किस यथार्थ को प्रस्तुत किया है?

35. उच्चारण स्थान एवं प्रयत्न के आधार पर वर्णों के वर्गीकरण को विस्तार से समझाइए।

(2 × 15 = 30 Marks)